समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्या :............................./सम्ब./2018

दिनांक :.....................................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

*रजिस्टर्ड/स्पीडपोस्ट/व्यक्तिगत*

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

**विषयः–प्रदेश के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों का नैक मूल्यांकन कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) डिग्री विकास अनुभाग उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के पत्र संख्याः डिग्री विकास/15580–82/2018–19 दिनांक 11.12.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में नैक मूल्यांकन कराये जाने की प्रगति अत्यन्त असंतोषजनक है। आप अवगत हैं कि प्रदेश के समस्त संचालित राजकीय/अशासकीय एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में नैक मूल्यांकन कराया जाना अनिवार्य है। इसके अभाव में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ सकता है।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि महाविद्यालय का नैक मूल्यांकन कराना सुनिश्चित कराने का कष्ट करें। शासन के उक्त आदेशों का कड़ई से अनुपालन करें।

भवदीय

(रणजीत यादव)
उपकुलसचिव(सम्ब.)
कृते कुलसचिव

संख्या : Af-26933-36 दिनांक : 26/12/18

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निदेशक उच्च शिक्षा, डिग्री विकास अनुभाग उ0प्र0, प्रयागराज (इलाहाबाद)।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि संलग्न पत्र के आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. ~~वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।~~
4. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय को ई–मेल के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

उपकुलसचिव(सम्ब.)
कृते कुलसचिव